

## विंध्य का गौरव: शहडोल संभाग में मेधा का महाकुंभ

# ब्यौहारी के योगेंद्र ने प्रदेश में पाया तीसरा स्थान

*संभाग के शैक्षणिक इतिहास में आज का दिन स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों ने संपूर्ण क्षेत्र को हर्षोल्लास से भर दिया है। इस वर्ष न केवल सफलता के प्रतिशत में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है, बल्कि शहडोल जिले के छात्र-छात्राओं ने प्रदेश की मुख्य वरीयता सूची में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा किसी सुख-सुविधा की मोहताज नहीं होती।*

शहडोल।

### संघर्ष से सफलता का शिखर

इस गौरवगाथा के नायक ब्यौहारी नगर के योगेंद्र सिंह परमार बनकर उभरे हैं। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र योगेंद्र ने कक्षा 10वीं में 500 में से 497 अंक अर्जित कर संपूर्ण मध्यप्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वार्ड क्रमांक 9 के निवासी योगेंद्र की इस उपलब्धि ने समूचे जिले का मस्तक गर्व से ऊंचा कर दिया है। उनकी इस सफलता को उनकी कड़ी तपस्या, शिक्षकों के अटूट मार्गदर्शन और माता-पिता के आशीर्वाद का प्रतिफल माना जा रहा है।

### अनूपपुर ने बजाया प्रदेश में डंका

शहडोल संभाग ने इस वर्ष सामूहिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संभाग का कुल परिणाम 86.37 प्रतिशत रहा, जो विगत वर्ष की तुलना में 7.83 प्रतिशत अधिक है। अनूपपुरः इस जिले ने प्रदेश भर में दूसरा स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यहां का परीक्षा परिणाम 93.04 प्रतिशत रहा। शहडोलः जिले ने 85.75 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में 12वां स्थान प्राप्त किया। उमरियाः सुधार की दृष्टि से उमरिया सबसे आगे रहा, जहां परिणामों में 11.88 प्रतिशत की भारी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई।

### वरीयता सूची के अन्य चमकते सितारे

कक्षा 10वीं की प्रदेश स्तरीय सूची में शहडोल के 8 छात्रों ने अपना नाम अंकित कराया है। योगेंद्र के साथ-साथ श्रेया साहू (8वां स्थान), आर्यिका नामदेव और नेहा सिंह (9वां स्थान) ने अपनी मेधा का लोहा मनवाया। वहीं हर्षिल गुप्ता, अपेक्षा गुप्ता, अनामिका कुशवाहा और आरायना गुप्ता ने संयुक्त रूप से प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त अरीहंत जायसवाल, सूर्यान्शी सोंधिया, दीपिका तिवारी और समीरा खान जैसे अनेक छात्रों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर अपने विद्यालयों का गौरव बढ़ाया है।



### कक्षा 12वीं: बेटियों ने लहराया परचम

हायर सेकेंडरी परीक्षा में शहडोल की पांच मेधावियों ने प्रदेश की शीर्ष 10 सूची में स्थान बनाया है। गणित संकायः मान्यता साहू ने प्रदेश में 5वां और दीक्षा मिश्रा ने 10वां स्थान पाया। जीव विज्ञान संकायः निशिका गुप्ता ने चौथा और ऋषभ पांडे ने 5वां स्थान प्राप्त किया। कला संकायः माही मिश्रा ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में 7वां स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया।

### योगेंद्र ने रचा इतिहास, बेटियां भी रहीं आगे

सफलता के इस शिखर पर सबसे ऊपर ब्यौहारी के योगेंद्र सिंह परमार रहे। इसी क्रम में ब्यौहारी नगर परिषद अध्यक्ष की सुपुत्री अपेक्षा गुप्ता ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में 10वां स्थान पाया। वहीं आर्या गुप्ता (सुपुत्री उत्तम कुमार एवं प्रियंका गुप्ता) ने केंद्रीय बोर्ड की परीक्षा में 97.8 प्रतिशत अंक पाकर कुल का मान बढ़ाया।

### प्रावीण्य सूची में बेटियों का दबदबा

उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में माही मिश्रा (सुपुत्री रामनारायण मिश्रा) ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में 7वां स्थान हासिल किया। दीपिका तिवारी (सुपुत्री अनिल तिवारी) ने 94 प्रतिशत, मुस्कान मिश्रा ने 87.8 प्रतिशत, समीरा खान (सुपुत्री बाबू खान) ने 80.4 प्रतिशत और हिमांशी सिंह बैस ने 81 प्रतिशत अंकों के साथ श्रेष्ठता सिद्ध की। जिले के अन्य होनहारों में अरीहंत जायसवाल एवं सूर्यांशी सोंधिया ने 91.6 प्रतिशत, आस्था द्विवेदी ने 80.6 प्रतिशत और शिवांगी मिश्रा ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

### शासकीय विद्यालयों का कायाकल्प

अक्सर यह धारणा रहती है कि केवल निजी शिक्षण संस्थान ही श्रेष्ठ परिणाम देते हैं, किंतु इस वर्ष शहडोल के सरकारी स्कूलों ने इस विचार को पूर्णतः बदल दिया है। योगेंद्र सिंह, दीक्षा मिश्रा और अनामिका कुशवाहा जैसे शासकीय विद्यालयों के छात्रों ने सिद्ध किया कि सरकारी तंत्र में भी प्रतिभा को सही दिशा मिल रही है। यह सफलता लोक शिक्षण संचालनालय और जनजातीय कार्य विभाग के सम्मिलित प्रयासों का परिणाम है।

### प्रशासनिक गौरव और बधाइयां

संभाग की इस अभूतपूर्व सफलता पर आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता, जिलाधिकारी डॉ. केदार सिंह और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति ने सभी सफल विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। अधिकारियों ने अपने संदेश में कहा यह सफलता शहडोल के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। बच्चों के परिश्रम और शिक्षकों के समर्पण ने असंभव को संभव कर दिखाया है। जो छात्र सफल नहीं हो पाए, वे हताश न हों, क्योंकि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है।

### प्रेरणा का केंद्र बना शहडोल

यह परिणाम केवल अंकों का विवरण नहीं है, बल्कि उन हजारों ग्रामीण युवाओं के सपनों की उड़ान है जो अभावों के बीच भी कुछ बड़ा करने का संकल्प रखते हैं। शहडोल संभाग अब मध्यप्रदेश में शिक्षा के एक नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहाँ के विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया है कि अनुशासन और लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण ही सफलता का एकमात्र मार्ग है। आज संभाग के हर घर में शिक्षा की इस ज्योति का उत्सव मनाया जा रहा है।

### शहडोल संभाग में हाईस्कूल परीक्षा परिणामों में सुधार

## अनूपपुर जिला 93.78 प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ रहा प्रदेश में प्रथम

**शहडोल।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 2025-26 में शहडोल संभाग ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए समग्र रूप से प्रगति दर्ज की है। वर्ष 2024-25 की तुलना में वर्ष 2025-26 में परिणामों में 6.12 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है। संभाग के जिलेवार परिणामों में अनूपपुर जिले ने 93.78 प्रतिशत उत्तीर्णता के साथ संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो पिछले वर्ष के 87.66 प्रतिशत से 6.12 प्रतिशत अधिक है। शहडोल जिले ने 86.35 प्रतिशत परिणाम के साथ प्रदेश में 11वां स्थान प्राप्त किया है। जिसमें 2.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। उमरिया जिले का परीक्षा परिणाम 80.58 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष के 72.27 प्रतिशत की तुलना में 8.31 प्रतिशत अधिक है, उमरिया जिले को प्रदेश में 23वां स्थान प्राप्त हुआ है। समग्र रूप से शहडोल संभाग का औसत परीक्षा परिणाम 86.90 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष के 81.22 प्रतिशत से 5.68 प्रतिशत अधिक है। यह सुधार शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षा विभाग के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता, संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण शहडोल संभाग उमेश धुर्वे एवं उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री जेपी यादव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया है।

---

## संघ सेवा के 100 वर्ष: राष्ट्र निर्माण के लिए पंच परिवर्तन का आह्वान

# मातृशक्ति से समाज को नई दिशा की अपेक्षा








शहडोल।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्थानीय विधि महाविद्यालय (लॉ कॉलेज) में मातृशक्ति जन गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति और जन-जागरण की अविरल धारा को प्रवाहित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. नुपूर निखिल देशकर ने समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए पंच परिवर्तन की महत्ता पर बल दिया।

### राष्ट्र की सुदृढ़ नींव है पंच परिवर्तन

वाणिज्य संकाय की प्राध्यापक एवं शाश्वत हिंदू गर्जना की सह-संपादक डॉ. नुपूर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस प्रकार जीवन के संचालन के लिए पंचतत्व अनिवार्य हैं, उसी प्रकार राष्ट्र को वैचारिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए पंच परिवर्तन की आवश्यकता है। उन्होंने इन पांच कारकों को स्पष्ट करते हुए सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य बोध, स्व का जागरण, पर्यावरण संरक्षण और कुटुंब प्रबोधन को आज के समय की सबसे बड़ी मांग बताया।

### पीढ़ियों की निर्माता है मातृशक्ति

देश और समाज की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि संपूर्ण राष्ट्र आज मातृशक्ति की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। एक माता केवल परिवार की धुरी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की निर्माता होती है। डॉ. नुपूर ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज समाज हम से मैं की ओर बढ़ रहा है और परिवार खंडित हो रहे हैं। ऐसे में यदि माताएं अपनी संस्कारों वाली जिम्मेदारी सशक्त तरीके से निभाएं, तो एक सुसंस्कारित और सुदृढ़ समाज की रचना स्वतः हो जाएगी।

### स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य

संगोष्ठी में स्व के जागरण पर विशेष जोर दिया गया। वक्ता ने समझाया कि जब तक नागरिक अपनी संस्कृति, गौरव और स्वदेशी के प्रति जागृत नहीं होंगे, तब तक राष्ट्र परम वैभव को प्राप्त नहीं कर सकता। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग और विदेशी का त्याग ही देश को आर्थिक रूप से सशक्त करेगा। स्व का बोध होने से नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होंगे और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देंगे। इस गरिमामयी अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक जसवीर सिंह सहित नगर की प्रबुद्ध मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रही। कार्यक्रम ने उपस्थित जनों में राष्ट्र सेवा और पारिवारिक मूल्यों के प्रति एक नई चेतना का संचार किया।

---

### सांदीपनि विद्यालय जयसिंहनगर का शानदार प्रदर्शन

12वीं में 100 प्रतिशत परिणाम, दीक्षा मिश्रा राज्य मेरिट में 10वें स्थान पर



**जयसिंहनगर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में सांदीपनि विद्यालय जयसिंहनगर ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100 प्रतिशत) रहा, जिससे पूरे नगर में हर्ष का माहौल है। कक्षा 12वीं में छात्रा दीक्षा मिश्रा ने 483/500 अंक (96.6 प्रतिशत) प्राप्त कर राज्य स्तर की प्रवीण सूची में 10वां स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे नगर, जिला और संभाग का नाम गौरवान्वित हुआ है। दीक्षा की सफलता पर उनके माता-पिता, शिक्षक एवं विद्यालय परिवार ने खुशी जताई है।विद्यालय के कक्षा 12वीं में कुल 202 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें सभी छात्र उत्तीर्ण हुए। इनमें से 163 छात्रों ने प्रथम श्रेणी तथा 39 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। वहीं, 75त्न से अधिक अंक हासिल करने वाले 53 छात्र-छात्राएं लैपटॉप योजना के लिए पात्र बने हैं। कक्षा 10वीं के परिणाम भी बेहद सराहनीय रहे। कुल 222 छात्रों में से 221 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 202 छात्र उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कक्षा 10वीं का कुल परीक्षा परिणाम 91.4त्न रहा। प्रथम श्रेणी में 152, द्वितीय श्रेणी में 43 तथा तृतीय श्रेणी में 7 छात्रों ने सफलता हासिल की, जबकि 19 छात्रों को सप्लीमेंट्री प्राप्त हुई। कक्षा 10वीं में छात्रा कंचन प्रजापति ने 485/500 अंक (97प्रतिशत) प्राप्त कर राज्य स्तर की प्रवीण सूची में स्थान बनाकर विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन किया है। विद्यालय की यह लगातार दूसरी वर्ष की उपलब्धि है, जिससे नगरवासियों में गर्व और उत्साह का माहौल है। स्थानीय नागरिकों ने विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों को इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की है। विद्यालय प्रबंधन ने भी छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण को इस सफलता का श्रेय दिया है।

---

## टाइम्स पब्लिक स्कूल ने शैक्षणिक उत्कृष्टता का मनवाया लोहा



शहडोल।

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके नगर के प्रतिष्ठित टाइम्स पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाया है। हाल ही में घोषित परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने न केवल श्रेष्ठ अंक अर्जित किए हैं, बल्कि राज्य और जिला स्तर की प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज कराकर जिले को गौरवान्वित किया है।

विद्यालय की प्रतिभावान छात्रा निशिका गुप्ता ने जीव विज्ञान समूह में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संपूर्ण मध्यप्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। निशिका की इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि एकाग्रता और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं है। इसी प्रकार, कक्षा 10वीं की छात्रा सृष्टि गौतम ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को लगातार तीसरे वर्ष राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान दिलाने का गौरव प्रदान किया है।

विद्यालय की एक और मेधावी छात्रा जानवी उपाध्याय ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ जिला स्तरीय मेरिट में अपनी जगह सुरक्षित की है। विद्यालय प्रबंधन ने इस गौरवशाली सफलता का श्रेय बिना छल, बिना कपट और बिना नकल के केवल कठोर परिश्रम और कड़े अनुशासन के सिद्धांत को दिया है। विद्यालय का मानना है कि वास्तविक सफलता का कोई छोटा मार्ग नहीं होता, वह केवल निरंतर स्वाध्याय और गुरुजनों के आशीर्वाद से ही संभव है।

टाइम्स पब्लिक स्कूल न केवल बोर्ड परीक्षाओं में, बल्कि तकनीकी और चिकित्सा क्षेत्र की प्रवेश परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय स्तर की अभियांत्रिकी और चिकित्सा प्रवेश परीक्षाओं में भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। पिछले वर्ष भी यहाँ के कई विद्यार्थियों का चयन देश के प्रमुख चिकित्सा महाविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों में हुआ था, जिनमें छात्रावास में रहकर अध्ययन करने वाले छात्र भी सम्मिलित थे।

इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। शिक्षकों एवं अभिभावकों ने छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि को उनकी त्याग और तपस्या का फल बताया है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके आगामी जीवन और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। यह सफलता आगामी पीढ़ी के विद्यार्थियों के लिए एक महान प्रेरणा स्रोत सिद्ध होगी।

---

### विद्यार्थियों ने बढ़ाया जिले का मान, नवज्योति अकैडमी के विद्यार्थियों का प्रदेश स्तर पर शानदार प्रदर्शन

## प्रदेश की प्रावीण्य सूची में उमरिया जिले के होनहारों का जलवा

मानपुर/उमरिया।

**माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल (कक्षा 10वीं) एवं हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) परीक्षा परिणाम में उमरिया जिले के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं। परिणामों में नवज्योति अकैडमी, मानपुर के विद्यार्थियों का प्रदर्शन विशेष रूप से उत्कृष्ट रहा, जिसने जिले की शैक्षणिक पहचान को और मजबूत किया है।**

नवज्योति अकैडमी की छात्रा वैष्णवी गुप्ता ने कक्षा 10वीं में 500 में से 492 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान हासिल किया है। वहीं कक्षा 12वीं (जीव विज्ञान समूह) में इसी संस्थान के छात्र कार्तिक शर्मा ने 490 अंक अर्जित कर प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

दोनों होनहार विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। इन परिणामों के पीछे वर्षों की मेहनत, रातों की पढ़ाई और लक्ष्य के प्रति अटूट समर्पण की कहानी छिपी है।

सफलता की इस उपलब्धि ने न केवल परिवारों की आंखें गर्व से नम कीं, बल्कि पूरे नगर मानपुर में खुशी और उत्साह का माहौल बना दिया। वैष्णवी गुप्ता और कार्तिक शर्मा ने अपने





माता-पिता, विद्यालय परिवार एवं नगर मानपुर का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। दोनों विद्यार्थी मानपुर नगर के निवासी हैं, और उनकी इस सफलता ने यह संदेश दिया है कि परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों, दृढ़ इच्छाशक्ति से बड़ी से बड़ी मंज़िल हासिल की जा सकती है।

### विद्यार्थियों की पारिवारिक पृष्ठभूमि भी

प्रेरणादायक रही है। वैष्णवी गुप्ता के पिता कॉमन सर्विस सेंटर (ष्टस्ष्ट) संचालक हैं तथा माता गृहिणी हैं। वहीं कार्तिक शर्मा के पिता कियोस्क संचालक एवं माता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद दोनों विद्यार्थियों की उपलब्धि क्षेत्र में संघर्ष और सफलता की मिसाल बन गई है।

जिले के अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सांदीपनि मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पाली की छात्राएं अर्पित द्विवेदी (पिता - संतोष कुमार द्विवेदी) एवं आराधना मेहरा (पिता - लवकुश कुमार मेहरा) ने 490-490 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं शासकीय हाई स्कूल पनपथा की छात्रा स्वाति पटेल ने भी 490 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दसवां स्थान अर्जित कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

आपको बता दें कि नवज्योति अकैडमी विद्यालय पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से निरंतर प्रदेश में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दर्ज कर रहा है। संस्थान के संचालक श्री अशोक गौतम एवं समस्त शिक्षक-स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिणाम घोषित होने के बाद जिले भर में अभिभावकों की आंखों में गर्व के आंसू और बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। यह केवल अंक नहीं, बल्कि उस संघर्ष की कहानी है जिसमें सपनों को साकार करने के लिए परिवारों ने हर कठिनाई को पीछे छोड़ा।

कुल मिलाकर, इस वर्ष का परीक्षा परिणाम उमरिया जिले के लिए सकारात्मक और उत्साहवर्धक रहा है, जिसमें नवज्योति अकैडमी के विद्यार्थियों ने प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट उपस्थिति दर्ज कर जिले का मान बढ़ाया है।

## खबर संक्षेप

### नोबल पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल जैतहरी का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** क्लास 12 वी मे आदित्य ताम्रकार पिता प्रहलाद ताम्रकार कॉमर्स संकाय में सर्वोच्च अंक लाकर 93 अंक प्रथम स्थान हासिल किए हैं इनके अलावा इसी क्रम में चंचल केसरवानी द्वितीय स्थान पिता मुकेश केसरवानी 89, शुभी तिवारी पिता अंजनी तिवारी 87, पर्व अग्रवाल पिता राजेश अग्रवाल 86, साइंस संकाय में जानवी गुप्ता पिता मुरली मनोहर बिलैया सर्वोच्च अंक 87, दीपिका गुप्ता पिता संजय कुमार गुप्ता द्वितीय स्थान 86, दीपांशु ताम्रकार पिता प्रवीण ताम्रकार 85 तृतीय स्थान क्लास 10 वी में राधिका राठौर माता श्रीमति भाग्यवती राठौर 91 लाकर प्रथम स्थान, श्रेया गुप्ता पिता महेंद्र गुप्ता 90 द्वितीय स्थान, आदित्य मिश्रा पिता संजय कुमार मिश्रा 88 लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी बेहतर परीक्षा परिणाम लाए हैं कक्षा 12 वीं के 18 छात्राओं को शासन द्वारा दी जाने वाली मेधावी छात्रवृत्ति जिसके तहत 25000 प्रति छात्र दिए जाते हैं प्राप्त होगी। नोबल पब्लिक हायर सेकंडरी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका एवं माता-पिता एवं अभिभावक तथा जैतहरी के नागरिक ग़ण बधाई के पात्र हैं।

### धूमधाम व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती



**हरिभूमि न्यूज़ राजेन्द्रग्राम।** 14 अप्रैल को शासकीय सदीपनि मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुष्पराजगढ़ में भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न, बोधिसत्व, भारतीय समाज के प्रणेता, समता मूलक समाज के नींव रखने वाले "भीमराव अंबेडकर" की 135वीं जयंती धूमधाम व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य मिथिलेश कुमार परस्ते के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विद्यालय के सभी कार्यरत शिक्षक साथी उपस्थित रहे व बच्चों की सहभागिता रही। भारत रत्न, बोधिसत्व, भारतीय समाज के प्रणेता, भारत रत्न गरीबों की मसीहा, डॉक्टर अंबेडकर की जयंती पर दीप प्रज्वलन व पुष्प गुच्छ अर्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी प्राचार्य मिथिलेश कुमार परस्ती के उद्बोधन के साथ प्रारंभ हुआ। जिसमें एक-एक करके उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखे। भारतीय संविधान के जनक डॉक्टर अंबेडकर के प्रेरक संदेश एवं उनके जीवनी पर सारगर्भित व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय एवं प्रसंशनीय रहा अंत में मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### विधवा का शोषण करने वाला गिरफ्तार

**शहडोल।** प्रेम का ढोंग रचकर एक बेसहारा महिला की अस्मत से खिलवाड़ करने वाले कलयुगी प्रेमी को सिंहपुर पुलिस ने उसके सही ठिकाने यानी जेल पहुंचा दिया है। आरोपी ने विधवा महिला को शादी का झूठा सपना दिखाकर वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण किया और अंत में अपने वादे से मुकर गया।

**विश्वास के नाम पर विश्वासघात-** मामला वर्ष 2021 से शुरू हुआ था, जब ग्राम धनपुरा में एक विवाह समारोह के दौरान आरोपी दीपक यादव उम्र 24 वर्ष की मुलाकात पीड़िता से हुई थी। महिला के विधवा होने की जानकारी होने के बावजूद, आरोपी ने उसे अपनी चिकनी-चुपड़ी बातों के जाल में फंसाया। शादी का पवित्र वचन देकर वह लगातार पीड़िता का दैहिक शोषण करता रहा।

# अक्षय तृतीया में बिना मुहूर्त देखे किया जा सकता शुभ कार्य

अक्षय तृतीया एक अबूझ मुहूर्त है, जो हर साल वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाते हैं। 19 अप्रैल को यदि नया काम आरंभ करने का विचार कर रहे हैं, तो यह दिन विशेष रूप से अनुकूल रहेगा। हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाने वाली अक्षय तृतीया इस वर्ष 19 अप्रैल को पड़ेगी।




हरिभूमि न्यूज कोतमा।

यह तिथि अपने आप में अबूझ मानी जाती है, यानी कि इस दिन कोई भी शुभ कार्य बिना मुहूर्त देखे किया जा सकता है। शास्त्रों के अनुसार, अक्षय तृतीया के दिन किए गए पुण्य कर्मों का फल कभी क्षीण नहीं होता, इसीलिए इस दिन की विशेष मान्यता है। पंडित अमन पाण्डेय के मुताबिक, अक्षय तृतीया की तिथि 19 अप्रैल रविवार को मनाई जाएगी। जबकि उदयकालिक तृतीया तिथि 20 अप्रैल सोमवार को होगा क्योंकि तृतीया तिथि का आरंभ 19 अप्रैल रविवार को दोपहर 1.00 बजे से आरंभ होगा जो 20 अप्रैल सोमवार को सुबह 10.40 बजे तक व्याप्त रहेगा। ऐसी स्थिति मे प्रदोष कालीन तृतीया तिथि 19 अप्रैल को एवं उदया कालीन तृतीया तिथि 20 अप्रैल को होगा। इस दिन लोग विवाह, गृह प्रवेश, वाहन या संपत्ति खरीदने, व्यापार आरंभ करने जैसे कार्यों को शुभ मानते हैं। ज्योतिषियों के अनुसार, अक्षय तृतीया पर किए गए कार्यों का फल स्थायी होता है। ऐसे में जिन लोगों ने लंबे समय से कोई शुभ कार्य टाल रखा है, वे इस दिन का लाभ उठा सकते हैं। धार्मिक दृष्टिकोण से भी यह तिथि अत्यंत पुण्यदायी मानी गई है।

नगर में बाजारों में इन दिनों आखातीज की खरीदारी तेज हो गई है। 19 अप्रैल को मनाई जाने वाली अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले सैकड़ों निजी व दर्जनों सामूहिक विवाह सम्मेलनों की तैयारियों के मद्देनजर लोग खरीदारी में जुटे हुए है। यही वजह है कि कोतमा नगर के बाजार इन दिनों गुलजार बने हुए है। आखातीज की खरीदारी के चलते शहर के बाजारों मे ग्राहकों की खूब भीड़ उमड़ रही है। शहर में ही कपड़ा, सराफा, इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट में ग्राहकी चमक रही है। नगर मे कपड़े और सोने-चांदी की दुकानों में लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। व्यापारियों के मुताबिक गत वर्षों की अपेक्षा इस बार बाजार में अच्छी ग्राहकी होने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके साथ ही इस बार कपड़ा, सराफा और इलेक्ट्रॉनिक्स आयटमों में अच्छी बूम देखने को मिल सकती है। अक्षय तृतीया के पहले बाजारों में भीड़ बढने लगी है। अक्षय तृतीया के मौके पर ब्राह्मण समाज द्वारा परशुराम जयंती मनाई जायेगी एवं शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। इसके अलावा विभिन्न समाजों द्वारा सामूहिक विवाह के आयोजन भी आयोजित किए जायेंगे। अक्षय तृतीया को लेकर नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शादी ब्याह का मुहूर्त भी है जिसको लेकर घरों में तैयारी भी शुरू कर दी गई है। शादी ब्याह में लगने वाले बांस से बने टोकनी, दौरी, सूपा, छिटवा, झापी सहित बांस से बने सामानो की दुकान सज गई है। जहां खरीददारों की भीड़ बनी हुई है।



## भाजपा मंडल राजनगर के विभिन्न स्थानों में मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर कि 135 वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।

नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी राजनगर मंडल क्षेत्र में राजनगर, डूमरकछार सहित मंडल के ग्रामीण क्षेत्रो में भी भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कमलेश चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष राजनगर के निर्देशानुसार मंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों और वार्डों, बूथो में आयोजित कार्यक्रमों में नगर, ग्रामीण, के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, एवं आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सभी स्थानों में डां. भीमराव आंबेडकर, एंव भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। राजनगर मंडल के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने इस डां. भीमराव आंम्बेडकर द्वारा समाज के उत्थान, समानता और संविधान निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके विचारों पर चलने का आह्वान किया। सचिन द्विवेदी मंडल महामंत्री ने बाबा साहेब के अमूल्य योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके द्वारा निर्मित संविधान के कारण ही आज देश में समानता, स्वतंत्रता एवं बंधुत्व की भावना सुदृढ़ हुई है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को दिशा प्रदान करते हैं और हमें शिक्षा तथा समान अवसरों के महत्व को समझने की प्रेरणा देते हैं। बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का वर्णन करना मानो सूरज को दीपक दिखाने के समान है। उनके शिक्षा संबंधी विचार आज भी प्रासंगिक हैं और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मार्गदर्शक हैं। डॉ. भीमराव आंम्बेडकर के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता और न्याय की स्थापना संभव है। सभी से शिक्षा को अपनाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश दिया। समस्त राजनगर मंडल क्षेत्र में डां. भीमराव आंबेडकर जयंती को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# अमरकंटक में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।



भारत के महान समाज सुधारक, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर वर्ष 14 अप्रैल को पूरे देश में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जाती है। यह दिन न केवल उनके जन्म का उत्सव है, बल्कि उनके द्वारा दिए गए समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को स्मरण करने का भी महत्वपूर्ण अवसर होता है। डॉ. अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। उन्होंने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों और सामाजिक भेदभाव का सामना करते हुए शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। वे समाज में व्याप्त छुआछूत और जातिगत भेदभाव के कट्टर विरोधी रहे तथा दलितों एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करते रहे। भारतीय संविधान के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने एक ऐसे संविधान की रचना की, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और देश को एक सशक्त लोकतंत्र के रूप में स्थापित करता है। उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" इसी कड़ी में पवित्र नगरी अमरकंटक के नगर परिषद सभागृह में बाबा साहब की जयंती श्रद्धा एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सायंकाल मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती सिंह द्वारा बाबा साहब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों, नगर परिषद कर्मचारियों एवं सफाई कर्मियों की उपस्थिति में केक काटकर हर्षोल्लास व्यक्त किया गया तथा सभी ने "जय भीम" के उद्घोष के साथ वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती सिंह उईके, विधायक प्रतिनिधि हरि सिंह, श्यामलाल सेन, पार्षद विमला दुबे, सावित्री सिंह, उषा सिंह सहित नगर परिषद के कर्मचारी गणेश पाठक, शैलेंद्र तिवारी, उमाशंकर परमार, शारदा प्रसाद, भारतीय मजदूर संघ मंडल अध्यक्ष भूरी बाई, संभागीय उपाध्यक्ष राधाबाई, मंडल उपाध्यक्ष वंदना सोनखरे, राम मोगरे, अजय समुद्रे, तीरथ डोंगरे, संतोष कुंडे, अजय सिंह उईके, मान सिंह, आनंद मार्को सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने एवं समाज में समानता, न्याय और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। "बाबा साहब का सपना समानता और न्याय से भरा भारत अपना" "अंबेडकर जयंती पर यही संदेश शिक्षा ही है सबसे बड़ा विशेष"।

# पीएम आवास योजना की पहली किस्त जारी होते ही गिट्टी के दामों में उछाल

### हितग्राही आर्थिक बोझ तले दबे, प्रशासनिक व्यवस्था पर उठे सवाल

मानपुर।



नगर परिषद मानपुर क्षेत्र में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना, जिसके तहत हर गरीब को पक्का मकान उपलब्ध कराने का लक्ष्य है, उसके अंतर्गत 713 हितग्राहियों के खातों में 13 मार्च 2026 को पहली किस्त के रूप में ?1,00,000 की राशि जारी होते ही निर्माण सामग्री के बाजार में अचानक असंतुलन की स्थिति बन गई है। आरोप है कि क्षेत्र के क्रेशर संचालकों ने आपसी सहमति के बाद गिट्टी के दामों में ?700 से ?800 प्रति ट्राली तक की बढ़ोतरी कर दी, जिससे गरीब एवं मध्यम वर्गीय हितग्राहियों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव बढ़ गया है। स्थानीय जानकारी के अनुसार पहले जहां 20 एमएम गिट्टी लगभग 4000 प्रति ट्राली उपलब्ध थी, वहीं अब यह 5000 तक पहुंच गई है। इसी तरह 40 एमएम गिट्टी, जो पहले लगभग 3500 में मिलती थी, अब 4500 में बेची जा रही है। अचानक हुई इस वृद्धि ने प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों की गति पर सीधा असर डालना शुरू कर दिया है हितग्राहियों का कहना है कि सरकारी सहायता राशि मिलने के बाद भी निर्माण लागत बढने से घर बनाने का सपना मुश्किल होता जा रहा है। कई लोगों ने इसे "योजना के लाभ पर बाजार का दबाव" बताया है। इस मामले को लेकर नगर के युवा पत्रकार और समाजसेवी रवि सेन ने खनिज विभाग को सूचना देने के साथ अनुविभागीय दंडाधिकारी मानपुर को 7 अप्रैल 2026 को लिखित आवेदन देकर गिट्टी के दाम नियंत्रित करने की मांग की थी। इसके बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई न होने से स्थिति जस की तस बनी हुई है और बाजार में मनमानी दरों पर सामग्री बिक्री जारी है। स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लग रहे हैं कि निगरानी व्यवस्था कमजोर होने के कारण क्रेशर संचालक खुलेआम कीमतों में बढ़ोतरी कर रहे हैं, जिसका सीधा असर पीएम आवास योजना के हितग्राहियों पर पड़ रहा है। अब क्षेत्र की निगाहें जिले के नवागत कलेक्टर महोदया पर टिकी हैं, जिनसे अपेक्षा की जा रही है कि वे इस मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्माण सामग्री के दामों पर नियंत्रण और पारदर्शिता सुनिश्चित कराएं, ताकि हितग्राही अपने घर का निर्माण समय पर पूरा कर सकें।

## पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, अंकित कुमार ने किया टॉप

हरिभूमि न्यूज़ अमरकंटक।



माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा (सत्र फरवरी/मार्च 2026) के घोषित परिणामों में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर संस्था का गौरव बढ़ाया है। कक्षा 10वीं के परिणामों में अंकित कुमार ने 450/500 (90 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान (टॉप) हासिल किया। वहीं मयंक सिंह उइके ने 449/500 (89.8 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके कठोर परिश्रम एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रतिफल है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में प्रदीप कुमार नववासी एवं सुरभि मरावी ने 437/500 (87.4 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान अर्जित किया। यह सफलता विद्यालय के समग्र शैक्षणिक वातावरण की उत्कृष्टता को दर्शाती है। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम भी अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें कक्षा 10वीं का परिणाम 97.97 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परिणाम 98.82 प्रतिशत दर्ज किया गया। यह उपलब्धि संस्था के अनुशासित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रणाली का परिचायक है। विशेष रूप से कक्षा 10वीं के टॉपर अंकित कुमार, पिता जगदम्बा सिंह एवं माता सुमित्रा बाई के सुपुत्र हैं, जो श्री कल्याण सेवा आश्रम, अमरकंटक में रहकर अध्ययनरत हैं। आश्रम के अनुशासित एवं संस्कारमय वातावरण ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अंकित कुमार की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अनुजा मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता छात्र की लगन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। वहीं श्री कल्याण सेवा आश्रम के स्वामी धर्मानंद जी महाराज ने आशीर्वाद देते हुए अंकित के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है, बल्कि यह भी सिद्ध करती है कि उचित मार्गदर्शन, अनुशासन एवं सतत प्रयास से उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है। विद्यालय के इन होनहार छात्रों की उपलब्धि समस्त क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है।

### जयसिंहनगर में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की जयंती विद्यार्थियों ने लिया उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प



**जयसिंहनगर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् के तत्वाधान में विकास खंड में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की संपर्क कक्षा के दौरान भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सनत कुमार पाण्डेय, शातिका प्रसाद तिवारी और रामनारायण पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। परामर्शदाता डॉ. ओमप्रकाश शुक्ला, क्रांति गुप्ता, महेन्द्र पाल और वर्षा पटेल के सक्रिय सहयोग तथा जान्हवी शिक्षा सेवा समिति दरेन नवाअंकुर संस्था से पवन कुमार तिवारी के सराहनीय संचालन ने कार्यक्रम को सफल बनाया। विद्वान अतिथियों ने विद्यार्थियों को बाबा साहब के पदचिह्नों पर चलकर लक्ष्य प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान पाठ्यक्रम के छात्र प्रांजल तिवारी और कार्तिकेय सोनी ने भी डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन पर अपने ओजस्वी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन ने युवाओं में सामाजिक समरसता और शिक्षा के प्रति एक नई चेतना का संचार किया है।

## मानपुर ठेकेदार बेंच रहा प्रिंट रेट से महंगी शराब, शासन प्रशासन का मिल रहा ठेकेदार को खुला संरक्षण

मानपुर।



विधानसभा मुख्यालय स्थित लाइसेंसी शराब दुकान में इन दिनो ठेकेदार द्वारा सुरा प्रेमियों को लूटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जा रहा है जिस कारण आए दिन शराब दुकान में दुकानदार व ग्राहकों के बीच तना तनी देखने को मिल रही है, उक्त मामला क्षेत्र में कहीं कोई गंभीर वारदात को अंजाम न लेले जिस पर सासन प्रशासन को ध्यान देना अति आवश्यक हो गया है मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र में इन दिनो शराब दुकान में महंगी बिक रही शराब को लेकर तरह तरह की वीडियो प्रतिदिन वायरल हो रही हैं जिनमें मानपुर शराब दुकान में ठेकेदार के कर्मचारी सेल्स मैन द्वारा ग्राहकों को प्रिंट रेट से ज्यादा मनमाने दाम पर खुलेआम शराब बेचा जा रहा है, इतना ही नहीं ठेकेदार द्वारा शराब दुकान में अवैध तरीके से भाड़े पर पाले गए बाहरी अपराधी प्रवत्ति के दबंगों को भी रखा गया है, जो दुकान में प्रिंट रेट में शराब मांगने वालों के साथ देखते ही देखते गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो उठते हैं। सूत्रों की माने तो इन दिनो शराब दुकान में कार्यत अज्ञात लोगों द्वारा बातों ही बातों में खुलेआम सुराप्रेमी ग्राहकों को धमकी दी जाती हैं कि हमारी सेटिंग यहां से लेकर ऊपर तक हो गई है, हम इसी तरह मनमाने रेट में शराब बेचेंगे जिसको जहां शिकायत करना हो कर लो हमारा कुछ नहीं होने वाला और कहीं न कहीं बात भी सही है, इन शराब कारोबारियों की सेटिंग ठेका लेने के साथ-साथ ही जिम्मेदारों से हो जाती है, शायद इसी कारण से क्षेत्र में बेहिचक खुलेआम प्रिंट रेट से महंगी शराब बेची जा रही है और ग्राहक महंगी शराब खरीदने में मजबूर है ऐसा भी नहीं है कि शासन प्रशासन के जिम्मेदारों को कुछ मालूम न हो बल्कि सबकुछ जानते हुए भी हाथ पर हांथ धरे बैठे हुए हैं, जिले के नवागत कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से जनापेक्षा है की संबंधित मामले को गंभीरता से लेते हुए शराब ठेकेदार पर कानूनी शिकंजा कसा जाए, ताकि क्षेत्र में शांति प्रिय व्यवस्था के साथ-साथ कानून व्यवस्था को भी कायम रखा जा सके और सुरा प्रेमियों को शराब ठेकेदार द्वारा लूटने से बचाया जा सके।

### इनका कहना है...

चूंकि 15 दिन पहले ठेकेदार द्वारा पुराने प्रिंट की शराब खरीद ली गई थी जिसका अतिरिक्त पैसा जमा करने के बाद पुराने प्रिंट की शराब को नए रेट में बेचा जा रहा है क्षेत्र में कहीं भी पैकारी नहीं हो रही है सब कुछ सही चल रहा है

**सावित्री भगत**
**जिला आबकारी अधिकारी उमरिया**

## खबर संक्षेप



### सिलौंडी मंडल में मनाई डॉ. अम्बेडकर की जयंती

**सिलौंडी।** भाजपा सिलौंडी मंडल में डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की जयंती ग्राम दशरमन में मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी के नेतृत्व में मनाई गई। इस अवसर पर मातृशक्ति और पार्टी के वरिष्ठ जन का सम्मान किया गया। ग्राम चौपाल के माध्यम से आम जनता और कार्यकर्ता बंधु की समस्या का समाधान करने का प्रयास किया गया। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने बताया डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर भारत के पहले कानून मंत्री थे। कोलंबिया यूनिवर्सिटी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से PhD, अर्थशास्त्री, वकील, लेखक थे। समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व जैसे मूल्यों को संविधान का आधार बनाया, छुआछूत के खिलाफ आंदोलन, मंदिर प्रवेश सत्याग्रह, महाड़ सत्याग्रह, हिंदू कोड बिल के जरिए महिलाओं को संपत्ति और तलाक के अधिकार दिलाने की कोशिश, 1956 में लाखों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया, नवयान बौद्ध आंदोलन की शुरुआत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ,सरपंच सीमा भरत शुक्ला ,संतोष असाठी,संतू असाठी , अरविंद तिवारी,सदन तिवारी, रावेंद्र गर्ग , राजा दहिया,अयोध्या साहू सहित ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

### निगम प्रशासन ने 1500 रूपये का किया स्पॉट फाइन

**कटनी।** शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए स्वच्छता नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध लगातार स्पॉट फाइन की कार्यवाई की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम की टीम द्वारा विभिन्न वार्डों, बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण कर खुले में कचरा फेंकने, गंदगी फैलाने तथा निर्धारित स्थानों के अलावा कचरा डालने वाले नागरिकों एवं दुकानदारों पर मौके पर ही जुर्माना लगाया जा रहा है। इसी कार्यवाही के तहत विगत दिवस नगर के विभिन्न स्थलों क्षेत्र क्रमांक 1 एवं 6 में अभियान चलाया जाकर 1500 रूपये की स्पॉट फाइन की कार्यवाही की गई। इस दौरान क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड दरोगा मौजूद रहे। स्वच्छ सर्वेक्षण एवं सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### खितौली चौकी प्रभारी बघेल को हटाया

**बरही।** खितौली पुलिस चौकी प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल को हटाकर कुठला थाने भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात भोजन कर लौटते समय केवलारी गांव में सिविल ड्रेस में मौजूद चौकी प्रभारी बघेल का कुछ लोगों से विवाद हो गया था। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे कुछ लोग शराब पी रहे थे, जिन्हें बघेल ने रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया। वीडियो सामने आने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरे घटनाक्रम की समीक्षा करते हुए प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की और चौकी प्रभारी ऋषभ बघेल को खितौली चौकी से हटाकर कुठला थाने में पदस्थ कर दिया।

### खितौली में मनाई जयंती



**बरही।** भाजपा मंडल खितौली में बाबा भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती मनाई गई। मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित किया गया। बाबा भीमराव अम्बेडकर जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए मंडल अध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब समाज और देश के संविधान निर्माता के रूप बहुत कुछ किया है। हम उन्हें हमेशा याद करेंगे। इस अवसर पर मिथलेश त्रिपाठी, शिवकांत चतुर्वेदी,एवं महिलाओं की विशेष उपस्थिति रही।



# 5 माह से वेतन संकट: धनपुरी नगर पालिका के दैनिक मजदूर बेहाल, अफसरों की सैलरी समय पर

### रोज कमाने-खाने वालों पर सबसे बड़ी मार, उधार बंद होने से घर चलाना मुश्किल

**धनपुरी। नगर पालिका धनपुरी में काम करने वाले दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की स्थिति इन दिनों बेहद चिंताजनक हो गई है। सूत्रों के अनुसार, यहां कार्यरत कई कर्मचारियों को पिछले 15 माह से वेतन नहीं मिला, जिससे उनके सामने रोजमर्रा की जिंदगी चलाना भी मुश्किल हो गया है।**

हैरानी की बात यह है कि जहां एक ओर दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी वेतन के लिए दर-दर भटक रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नगर पालिका के अधिकारियों को हर माह समय पर वेतन मिल रहा है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी और असंतोष बढ़ता जा रहा है।

**पहले 5 तारीख तक मिल जाता था वेतन**

कर्मचारियों का कहना है कि पहले ऐसा नहीं था। नगर पालिका के पूर्व सीएमओ के कार्यकाल में हर महीने 3 से 5 तारीख के बीच वेतन मिल जाता था, जिससे किसी तरह घर का खर्च चल जाता था। लेकिन अब हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि 15 अप्रैल बीतने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ।

**उधार भी बंद, किराना दुकानदारों ने किया इंकार**

वेतन नहीं मिलने का सीधा असर कर्मचारियों के घरों पर पड़ रहा है।
किराना दुकानदारों ने उधार देना बंद कर दिया है
पुराना बकाया चुकाने के बाद ही नया सामान देने की बात कही जा रही है ।कई परिवारों के सामने भोजन तक का संकट खड़ा हो गया है। एक कर्मचारी ने दर्द बयां करते हुए कहा, "अब तो दुकानदार भी साफ मना कर देते हैं, कहते हैं पहले पुराना पैसा दो।"

**बच्चों की पढ़ाई और जरूरतें प्रभावित**

वेतन के अभाव में कर्मचारियों के बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।
फीस भरना मुश्किल,किताब-कॉपी खरीदने में परेशानी
साबुन, सोडा जैसी छोटी जरूरतें भी पूरी नहीं हो पा रहीं
कर्मचारियों का कहना है कि अब हालात ऐसे हो गए हैं कि हर छोटी चीज के लिए सोचना पड़ रहा है।

**भेदभाव पर उठे सवाल**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब अधिकारियों का वेतन नियमित मिल रहा है, तो दैनिक वेतनभोगियों के साथ यह असमानता क्यों?
कर्मचारियों का आरोप है कि उन्होंने कई बार अपनी समस्या अधिकारियों के सामने रखी, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई।

**"हम जाएं तो जाएं कहां"**

लंबे समय से वेतन नहीं मिलने से कर्मचारी मानसिक रूप से भी परेशान हो चुके हैं। उनका कहना है कि अब उन्हें समझ नहीं आ रहा कि अपनी समस्या लेकर कहां जाएं।

**निष्कर्ष:**

धनपुरी नगर पालिका में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की यह स्थिति प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। यदि जल्द समाधान नहीं किया गया, तो यह मामला और भी बड़ा रूप ले सकता है। कर्मचारियों को अब सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि तत्काल वेतन भुगतान की जरूरत है।

# नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार



**बुढार।** थाना बुढार के अंतर्गत केशवाही चौकी पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद कर अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है।

### मामले का विवरण

07. अप्रैल को फरियादिया ने थाना बुढार (चौकी केशवाही) में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई है। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के बाद भी जब बालिका का पता नहीं चला, तो अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने के संदेह पर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

### पुलिस की कार्रवाई और दस्तयाबी

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव के निर्देशन में केशवाही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए व तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की मदद से पुलिस टीम ने 13.04.2026 को ग्राम आमाडांड (थाना रामनगर, जिला अनूपपुर) से नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया।बालिका के न्यायालयीन कथनों के आधार पर प्रकरण में धारा 64(2)(M) BNS और 5L/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया।

### आरोपी गिरफ्तार

विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी उमेश सिंह (पिता मान सिंह, उम्र 26 वर्ष), निवासी ग्राम लखवरिया, थाना खैरहा, जिला शहडोल की घेराबंदी कर उसे 14. अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### सराहनीय भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में नगर निरीक्षक विनय सिंह गहरवार के नेतृत्व में चौकी प्रभारी गंगा सिंह एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण और सराहनीय भूमिका रही।

## संविधान निर्माण और देश की आजादी में डॉ. अंबेडकर का है महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद

भारत के इतिहास में जन्मे कई सारे महा पुरुषो में से एक बड़ा नाम हैं बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का जिन्होंने समाज, शिक्षा, राजनीति ओर न्याय व्यवस्थाकी दिशा में कई बदलाव किये ₹डॉ भीमराव अम्बेडकर ऐसे ही एक महान विचारक, समाज सुधारक ओर संविधान निर्माता थे, जिनका जन्म 14अप्रेल 1891 को हुआ था। उक्त बातें जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी ने स्लीमनाबाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर कही। आगे उन्होंने कहा कि भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें जाति एवं लिंग भेद से मुक्ति का मार्ग बताया। बगैर भेदभाव के शिक्षा देने के महत्व को समझाया। वर्तमान में महिलाओं का महत्वपूर्ण पदों पर होना संविधान की सामर्थ्य का प्रकटीकरण है।

# सरस्वती पाली का 10 वीं 12वीं का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम



शिक्षा एवं संस्कार के लिए प्रसिद्ध पाली नगर का प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान विद्या भारती सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का कक्षा दसवीं एवं कक्षा बारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा कक्षा दसवीं में बहन धन्या सोनी 92.6% प्रथम स्थान, दीपाली सिंह 92% द्वितीय स्थान, विनय कुमार द्विवेदी 86.4% तृतीय स्थान, कामिनी प्रजापति 85% चतुर्थ स्थान, साक्षी बसोर 84.8% पांचवां स्थान, प्रभु गुप्ता 79.8% छठवां स्थान, रिया सोनी 79.4% सातवां स्थान, सुभी सिंह गहरवार 79.2% आठवां स्थान, अनिकेत सिंह 77.4% नवमा स्थान , श्रुति सिंह बडकरे 76% दशवां स्थान पर रहे वहीं कक्षा द्वादश में भैया अनिकेत शिवहरे 84.4% प्रथम स्थान, सुधा सिंह राठौर 79.4% द्वितीय स्थान, पृथ्वीराज चक्रवर्ती 79.2% तृतीय स्थान, सागर सेन 77.4% चतुर्थ स्थान, सौरभ यादव 77.4% चतुर्थ स्थान, अमर पटेल 76.8% पांचवां स्थान, श्रद्धा द्विवेदी 76.2% छठवां स्थान, खुशबू साहू 74.4% सातवां स्थान, राहुल साहू 73.8% आठवां स्थान, विवेक सिंह 72% नवमा स्थान, निहारिका कुशवाहा 70.8% दशवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार और नगर को गौरवान्वित किए हैं विद्यालय परिवार , समिति पदाधिकारी श्री रमाशंकर शिवहरे जी (अध्यक्ष), श्री नंदलाल प्रजापति ( व्यवस्थापक), श्री सरजू अग्रवाल जी ( संरक्षक) , श्री राजकुमार अग्रवाल जी (उपाध्यक्ष), श्री रमेश वसरानी ( कोषाध्यक्ष) श्रीमती नलिनी सिंह (सहव्यवस्थापक) एवं सभी सदस्य गण भैया बहनों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किए हैं ।

# गर्मी चरम पर, लेकिन प्याऊ अब तक नदारद!

### नगर पालिका की सुस्ती पर सवाल, लोग बूंद-बूंद पानी को तरसे

**धनपुरी।** अप्रैल का महीना अभी खत्म भी नहीं हुआ, लेकिन गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है और सुबह से ही चिलचिलाती धूप लोगों को झुलसा रही है। ऐसे हालात में जहां हर साल नगर में जगह-जगह प्याऊ खोलकर लोगों को राहत दी जाती थी, इस बार नगर पालिका की उदासीनता के चलते अब तक एक भी सार्वजनिक प्याऊ शुरू नहीं हो सकी है।

### मुख्य स्थानों पर भी नहीं दिखी राहत

शहर के प्रमुख स्थान जैसे मेन रोड, इमामबाड़ा स्टैंड, आजाद चौक, नगरपालिका परिसर, 1 नंबर काली चौरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और माइकल चौक—जहां हर साल पानी की व्यवस्था रहती थी—इस बार पूरी तरह सूने पड़े हैं। राहगीर, मजदूर और यात्री तपती धूप में पानी की तलाश में भटकते नजर आ रहे हैं।

### देसी फ्रिज' बना आमजन का सहारा

भीषण गर्मी के बीच शहर के लोग एक बार फिर पारंपरिक साधनों की ओर लौट रहे हैं।
मटका और सुराही जैसे 'देसी फ्रिज' ही ठंडे पानी का सहारा बन रहे हैं। मध्यम और निम्न वर्ग के



लिए फ्रिज खरीदना आसान नहीं है, ऐसे में मटकों की बिक्री में अचानक उछाल देखा जा रहा है। बाजारों में मिट्टी के बर्तनों की मांग तेजी से बढ़ गई है। भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए लोग तरस रहे हैं।

### मवेशियों पर भी संकट

गर्मी का असर सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं है। प्याऊ नहीं होने से मवेशियों को भी पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी जान पर बन आई है। पशुपालकों और जानकारों का कहना है कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं हुई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### हर साल लगती थी प्याऊ, इस बार क्यों नहीं?

शहरवासियों का कहना है कि हर वर्ष गर्मी की शुरुआत होते ही नगर पालिका द्वारा प्रमुख स्थानों



पर प्याऊ लगाई जाती थी। इस बार अप्रैल के मध्य तक भी कोई पहल नहीं दिखी, जिससे प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### जनता की मांग—तत्काल हो व्यवस्था

स्थानीय नागरिकों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि: तत्काल सभी प्रमुख स्थानों पर प्याऊ शुरू की जाए मवेशियों के लिए भी पानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो

### निष्कर्ष

भीषण गर्मी के इस दौर में पानी जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। अब देखना यह है कि नगर पालिका कब जागती है और लोगों को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाती है।

# 19 बंदरों को पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

नगर क्षेत्र में बंदरों की बढ़ती समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिक निगम द्वारा नागरिकों को राहत प्रदान करने हेतु विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत उत्तरप्रदेश के मथुरा से विशेषज्ञ टीम को बुलाकर बंदरों को पकड़ने की कार्यवाही शुरू कराई गई है।नगर निगम प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य नगर क्षेत्र में बंदरों के उत्पात पर नियंत्रण स्थापित कर आमजन को सुरक्षित एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराना है। बंदरों की लगातार बढ़ती संख्या के कारण नागरिकों को हो रही परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए यह पहल की गई है।अभियान की शुरुआत मंगलवार को विश्राम बाबा वार्ड से की गई, जहां विशेषज्ञ टीम द्वारा लोक निर्माण कार्यालय परिसर के पीछे पिंजरे स्थापित कर 19 बंदरों को सफलतापूर्वक पकड़ा गया। इस दौरान नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित रहे और अभियान की मॉनिटरिंग की।स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए बंदरों को सुरक्षित रूप से वन क्षेत्रों में छोड़ा जा रहा है, जिससे वे पुनः नगर क्षेत्र में वापस न आ सकें। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगामी दिनों में नगर के अन्य वार्डों में भी चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा।



# दिव्यांचल मैरिज गार्डन में की गई तालाबंदी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

नगर पालिक निगम द्वारा शहर में अनधिकृत रूप से संचालित मैरिज गार्डनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को झिंझरी स्थित दिव्यांचल मैरिज गार्डन में निगम की टीम द्वारा तालाबंदी की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई "मध्यप्रदेश नगर पालिका विवाह स्थल पंजीयन एवं उपभोग उपविधि 2020" के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर की गई। मौके पर अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह, क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा सहित अतिक्रमण दल के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

नोडल अधिकारी, कॉलोनी सेल अंशुमान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित मैरिज गार्डन बिना आवश्यक पंजीयन एवं लाइसेंस के संचालित हो रहा था। पूर्व में संचालकों को नोटिस जारी कर नियमानुसार लाइसेंस प्राप्त करने के निर्देश दिए गए थे, किन्तु निर्धारित समयावधि में पालन नहीं किए जाने पर यह कार्रवाई की गई।

उन्होंने बताया कि विगत दिवस नदी पार क्षेत्र में स्थित तीन अन्य मैरिज गार्डनों में भी इसी प्रकार की तालाबंदी की कार्रवाई करते हुए उनके संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई थी।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में संचालित सभी विवाह स्थलों के लिए निर्धारित उपविधियों के अंतर्गत पंजीयन एवं लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य संस्थानों के विरुद्ध भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल वैध रूप से पंजीकृत एवं अनुमति प्राप्त विवाह स्थलों का ही उपयोग करें, ताकि सुरक्षा, स्वच्छता एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

# बंगवार खान में बाबा साहब की जयंती पर गूंजा "शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो" का संदेश

**धनपुरी। सोहागपुर क्षेत्र के बंगवार भूमिगत खान परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती ऑल इंडिया एससी/एसटी एवं ओबीसी एम्प्लॉइज़ को-ऑर्डिनेशन काउंसिल (SECL) द्वारा अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और सामाजिक जागरूकता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिकों, अधिकारियों और काउंसिल पदाधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खान प्रबंधक डी.आर. कुर्रे द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थित जनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

अपने उद्बोधन में डी.आर. कुर्रे ने कहा कि बाबा साहब का जीवन अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने समता, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और महिला उत्थान के उनके विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया। खान सुरक्षा अधिकारी



दीपक भारद्वाज ने बाबा साहब को महान विधिवेत्ता एवं संविधान निर्माता बताते हुए उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाने की बात कही। बीएमसी कल्याण बोर्ड के सोमेंद्र हाटी ने कहा कि बाबा साहब के प्रयासों से ही वंचित वर्गों को समान अधिकार एवं आरक्षण का लाभ मिला। काउंसिल के सचिव मुकेश राय एवं क्षेत्रीय महामंत्री दीपक कुमार ने बाबा साहब के संघर्षमय जीवन और उनके बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महान समाज सुधारक बताया। काउंसिल के महामंत्री सच्चिदानंद यादव ने बाबा साहब के मूल मंत्र "शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो" की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि यही समाज परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने 14 अप्रैल को कोल इंडिया लिमिटेड में लागू पेड हॉलीडे (PHD) को काउंसिल के संघर्ष और एकजुटता की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया, जिसे राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों बृज किशोर राम एवं नंदकिशोर मांडलिक के अथक प्रयासों से संभव बनाया गया। कार्यक्रम में चेतन पावडे एवं जितेश सरणकर ने बाबा साहब के जीवन संघर्षों का वर्णन करते हुए समानता, शिक्षा और एकता का संदेश दिया। दुखीराम मोहल्लदार ने उन्हें सामाजिक समता का प्रतीक बताया, वहीं कैलाश यादव ने शिक्षा और नारी सशक्तिकरण में उनके योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन हरिलाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रकाश चौधरी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर राजेंद्र प्रताप सिंह, जुगल किशोर, उदय सिंह, फराज अली, पुष्पेंद्र सेन, जिया उल हक, याकूब अली, सुरेश शिवम, अवनीश सिंह, अंकुश सिंह, मुकेश काजावाड़े, राजेश प्रजापति, जगदीश प्रसाद यादव, राजेश तिवारी, गौरव अग्रवाल, गौतम सिंह एवं लालजी साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विकास कार्यों में बाधा का आरोप, 7 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के अध्यक्ष यशवंत सिंह ने कलेक्टर अनूपपुर को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों पर विकास कार्यों में बाधा डालने का गंभीर आरोप लगाया है। ज्ञापन में कहा गया है, कि वन विभाग एवं एसईसीएल के अधिकारी-कर्मचारी नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों को प्रभावित कर रहे हैं। अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को यह कहकर लाभ से वंचित किया जा रहा है, कि उनके पास पट्टे की भूमि नहीं है, जब कि तहसील स्तर पर पट्टों का वितरण किया जा चुका है। वहीं कई स्थानों पर एसईसीएल की भूमि पर वर्षों से लोग काबिज हैं। जिससे गरीबों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में वन विभाग और एसईसीएल के अधिकारियों द्वारा बिना किसी ठोस कारण के रोक लगाई जाती है, जिससे विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। परिषद के प्रस्तावों के बावजूद विभागीय सहयोग नहीं मिलने से वर्षों से कई कार्य लंबित हैं और टीएस टेंडर तक जारी नहीं हो पाए हैं। इसके अलावा निर्माण कार्यों में तोड़फोड़ और चोरी की घटनाओं का भी जिक्र किया गया है, जिनकी शिकायत पुलिस थाना रामनगर में की जा चुकी है। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अध्यक्ष यशवंत सिंह ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 7 दिनों के भीतर बिंदुवार जांच कर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे पार्षदों और ग्रामीणों के साथ आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### संत शिरोमणि सेन जी महाराज जयंती पर राजेंद्रग्राम में भव्य आयोजन



**राजेंद्रग्राम।** 14 अप्रैल को संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ मुख्यालय राजेंद्रग्राम स्थित सेन भवन में सेन समाज द्वारा भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजन एवं हवन के साथ हुई, जिसमें समाज के लोगों ने श्रद्धा भाव से भाग लिया। पूजन-हवन पश्चात सेन समाज की महिला मंडली द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच अर्जुन सिंह, उप सरपंच राजीव सिंह सहित समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, परंपरा और संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। इस आयोजन ने समाज में आपसी भाईचारे और समरसता का संदेश देते हुए संत सेन जी महाराज के आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

# अनूपपुर बना प्रदेश का टॉपर जिला, 10वीं में प्रथम, 12वीं में द्वितीय स्थान
# शिक्षा में रचा इतिहास, मेरिट सूची में खुशी साहू और धीरज पांडे ने बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित वर्ष 2026 के बोर्ड परीक्षा परिणामों में अनूपपुर जिले ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में शिक्षा का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिले ने कक्षा 10वीं में प्रदेश में प्रथम और कक्षा 12वीं में द्वितीय स्थान प्राप्त कर खुद को प्रदेश का अग्रणी शैक्षणिक जिला साबित किया है। यह उपलब्धि जिले के इतिहास की अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि मानी जा रही है।जिले का कुल परीक्षा परिणाम भी बेहद शानदार रहा है। कक्षा 10वीं में 93.85 प्रतिशत और कक्षा 12वीं में 93.04 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की, जो जिले की मजबूत शैक्षणिक व्यवस्था को दर्शाता है।







### रणनीति और टीमवर्क बना सफलता की कुंजी

इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे कलेक्टर हर्षल पंचोली का दूरदर्शी नेतृत्व और सशक्त रणनीति रही है। उनके मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग और जिला शिक्षा केंद्र ने 'टीम अनूपपुर' के रूप में समन्वित प्रयास किए है।परीक्षा से पूर्व विशेष शैक्षणिक अभियान, नियमित मॉडल टेस्ट, प्री-बोर्ड परीक्षाएं और सतत मूल्यांकन जैसी व्यवस्थाओं ने विद्यार्थियों को मजबूत आधार दिया है। वहीं कमजोर विद्यार्थियों के लिए चलाई गई रेमेडियल कक्षाएं भी सफलता का अहम कारण बनीं हैं।

### जिला प्रावीण्य सूची में भी शानदार प्रदर्शन

जिले की प्रावीण्य सूची में भी कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं में कविता दुबे प्रथम, गायत्री देवी द्वितीय, जबकि पीयूष जोगी, आयुषी वर्मा, सृष्टि पांडेय और रिचा सिंह राठौर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं में शिप्रा शर्मा प्रथम, आकांक्षा उपाध्याय और सक्षम गुप्ता ने तृतीय स्थान हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया।

### मेरिट सूची में चमके जिले के सितारे

प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में जिले के दो मेधावी विद्यार्थियों ने स्थान बनाकर अनूपपुर का मान बढ़ाया है। कक्षा 10वीं की छात्रा खुशी साहू (पिता ओम प्रकाश साहू), शासकीय संदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खूंटाटोला ने 98.6 प्रतिशत (493/500 अंक) प्राप्त कर प्रदेश में 7वां स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 12वीं के छात्र धीरज पांडे (पिता सतनारायण पांडे), शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अनूपपुर ने 96.2 प्रतिशत (486/500 अंक) के साथ प्रदेश में 7वां स्थान प्राप्त किया। इनकी सफलता जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन गई है।

### प्रशासन और अभिभावकों में खुशी का माहौल

इस उपलब्धि पर कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। कलेक्टर ने कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयास, अनुशासन और निरंतर मेहनत का परिणाम है। जिले में इस उपलब्धि के बाद खुशी और उत्साह का माहौल है।

### भविष्य के लिए प्रेरणादायक उदाहरण

अनूपपुर की यह सफलता केवल एक परिणाम नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एक मिसाल बन गई है। यह साबित करता है कि मजबूत नेतृत्व, सही रणनीति और सामूहिक प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।अब यह उपलब्धि आने वाले वर्षों में जिले के विद्यार्थियों के लिए नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का स्रोत बनेगी, जिससे अनूपपुर शिक्षा के क्षेत्र में और ऊंचाइयों की ओर अग्रसर रहेगा।

### केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर के विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणामों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन
## मान्य त्रिपाठी ने किया टॉप, 96.2 प्रतिशत के साथ रही अव्वल



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर के विद्यार्थियों ने एक बार फिर विद्यालय की प्रतिष्ठा के अनुरूप उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का परिणाम पुनः शत-प्रतिशत रहा, जो कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षिक व्यवस्था का प्रमाण है। इस वर्ष उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में मान्या त्रिपाठी (96.2 प्रतिशत), अनमोल मिश्रा (95.4 प्रतिशत), श्रेया मिश्रा (92.6 प्रतिशत), शौर्य गर्ग (91.4 प्रतिशत), दीप्ति पाण्डेय (90.8 प्रतिशत) शामिल हैं, जिन्होंने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष कुल 37 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिसमें से 30 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं एवं 23 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि इस सफलता के पीछे नियमित शैक्षिक गतिविधिया, निरंतर अभ्यास तथा समय-समय पर आयोजित उपचारात्मक शिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन किया गया, जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, साप्ताहिक टेस्ट, मॉडल पेपर अभ्यास, तथा संदेह निवारण सत्रों ने विद्यार्थियों की तैयारी को और सशक्त बनाया। विद्यालय में स्मार्ट क्लास, प्रायोगिक गतिविधियाँ, समूह चर्चा, क्विज प्रतियोगिताएँ एवं प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण को भी विशेष महत्व दिया गया। विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने हेतु योग, ध्यान एवं मोटिवेशनल सत्रों का भी आयोजन किया गया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। इस स्वर्णिम सफलता पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं अनुपपुर कलेक्टर हर्शल पंचोली ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है। यह परिणाम दर्शाता है कि समर्पण, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन अमरकंटक का सीबीएसई 10वीं परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, मेधावी छात्रों ने बढ़ाया मान



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

अमरकंटक स्थित कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय ने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस वर्ष विद्यालय के कुल 104 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें सभी विद्यार्थी सफल घोषित हुए। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए। प्रमुख रूप से मृणाल मित्तल, शुभ कुमार गुप्ता एवं सत्यम प्रसाद ने 95-95 प्रतिशत अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वहीं शौर्य प्रताप ने 94 प्रतिशत, अनन्या सिंह ने 93 प्रतिशत तथा अवनी जैन, पीहु सेजपाल, गायत्री मनोठिया एवं सौम्या राय ने 92-92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त वीर परस्ते ने 91 प्रतिशत तथा साक्षी परस्ते एवं अक्षत सिंह ने 90-90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उल्लेखनीय सफलता पर श्री कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि महाराज ने सभी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन एवं गुरुओं के स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन का प्रतिफल है। विद्यालय के प्राचार्य कमलेश मिश्रा ने भी समस्त स्टाफ के साथ मिलकर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय परिवार में इस सफलता को लेकर हर्ष का वातावरण है तथा सभी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है।

# संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेज अनूपपुर में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार वैश्विक दृष्टिकोण और नवाचार पर हुई सार्थक चर्चा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

संकल्प महाविद्यालय कॉलेज में विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार एवं शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत विदेशी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक शिक्षा, नवाचार, शोध और अंतरराष्ट्रीय करियर अवसरों से जोड़ना तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना रहा। सेमिनार में विदेशी विद्यार्थियों ने भारत में अपने अध्ययन अनुभव साझा करते हुए बताया कि भारतीय विश्वविद्यालयों में शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक विविधता और व्यावहारिक ज्ञान का अनूठा संगम देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत में पढ़ाई करना उनके लिए सीख और अनुभव से भरपूर रहा है। कार्यक्रम में चार देशों से आए अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों ने विशेष रूप से भाग लिया। इनमें लारिसा, अनीफा, मेथुला, तिपबं शामिल रहीं। ये सभी विद्यार्थी वर्तमान में भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययन कर रही हैं। विद्यार्थियों ने अपने देश की शिक्षा प्रणाली, संस्कृति और करियर अवसरों के बारे में जानकारी साझा की। इस संवाद से स्थानीय विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बारे में नई समझ प्राप्त हुई। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक भाग इंटरैक्टिव सत्र रहा, जिसमें भारतीय और विदेशी विद्यार्थियों ने खुलकर संवाद किया। चर्चा के प्रमुख विषयों में शामिल रहे। वैश्विक शिक्षा प्रणाली और उच्च अध्ययन के अवसर नई तकनीकों और नवाचार की भूमिका कौशल विकास और रोजगार की संभावनाएँ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करियर बनाने के रास्ते विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर विदेशी विद्यार्थियों से उनके अनुभवों के बारे में विस्तार से जाना। इस संवाद से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा और उन्हें अपने भविष्य के लिए नई दिशा मिली।




सेमिनार केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सांस्कृतिक संवाद का भी महत्वपूर्ण मंच बना। विदेशी विद्यार्थियों ने अपने देशों की संस्कृति, परंपराओं, भोजन और जीवनशैली के बारे में बताया, वहीं भारतीय विद्यार्थियों ने भी भारतीय संस्कृति की विशेषताओं से उन्हें परिचित कराया। इस सांस्कृतिक आदान-प्रदान ने विद्यार्थियों के बीच आपसी समझ और मित्रता को मजबूत किया। यह अनुभव विद्यार्थियों के लिए यादगार और प्रेरणादायक साबित हुआ। इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को यह समझाया कि शिक्षा की कोई सीमा नहीं होती और दुनिया भर में अनगिनत अवसर उपलब्ध हैं। विदेशी विद्यार्थियों की सफलता की कहानियाँ सुनकर स्थानीय विद्यार्थियों में भी विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने और वैश्विक स्तर पर करियर बनाने की प्रेरणा जागृत हुई। महाविद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयार रहने, नई तकनीकों को अपनाने और कौशल विकास पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि विद्यार्थियों को मिलता रहे। संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेज में आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय सेमिनार विद्यार्थियों के लिए सीख, प्रेरणा और वैश्विक जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ। इस आयोजन ने विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाया और उन्हें अंतरराष्ट्रीय शिक्षा एवं करियर के नए रास्तों से परिचित कराया। यह कार्यक्रम न केवल शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए भविष्य की संभावनाओं के नए द्वार खोलने वाला भी सिद्ध हुआ।

### डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का किया गया अनावरण

**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत जरही आमां टोला तिराहे में 135 वा जन्म दिवस के उपलक्ष्य मे बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण प्रोफेसर डॉ सन्तोष सोनकर इंदिरा गांधी जनजाति विश्वविद्याल लालपुर अमरकंटक तथा भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के द्वारा प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर अनावरण किया गया। डॉ संतोष सोनकर ने अपनी उद्बोधन में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा साहब बड़ी संघर्षों के साथ अपमानित खेलते हुए कठिन परिश्रम उसे दूर से गुजर कर आज 32 डिग्री प्राप्त कर संविधान का रचना रच दिया जिसके कारण आज महिलाओं को अधिकार दिलाया और हमें दबे कुचले समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षित बनो आगे बढ़ो का नारा बाबा भीमराव अंबेडकर ने दिया। वही डीए प्रकाश खांडे ने अपने उद्बोधन में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन जीवन गाथा की जानकारी पर प्रकाश डाला वहीं थाना प्रभारी पीसी कोल ने अपने वक्तव्य में बताया कि आज अगर बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान नहीं होता तो मैं यहां पर वर्दी पहन कर खड़े होने का मौका ही नहीं मिलता



### विद्युत के अवैध उपयोग के विरुद्ध चलाया गया विशेष सघन जांच अभियान

**अनूपपुर।** अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) अनूपपुर के निर्देशानुसार जैतहरी वितरण केंद्र के अंतर्गत विद्युत के अवैध उपयोग के विरुद्ध विशेष सघन जांच अभियान चलाया गया। इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य विद्युत चोरी को रोकना और राजस्व की क्षति को कम करना था। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने जैतहरी के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 155 परिसरों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान 30 परिसरों में विद्युत उपयोग संबंधी अनियमितताएं पाई गईं। जिस पर संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक दण्डात्मक एवं वैधानिक कार्यवाही की गई। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध विद्युत का उपयोग न केवल एक कानूनी अपराध है, बल्कि इससे पूरी विद्युत वितरण व्यवस्था पर अतिरिक्त भार पड़ता है, जिससे उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विभाग द्वारा कहा गया है कि इस प्रकार के सघन जांच अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि वे नियमों का पालन करते हुए वैध विद्युत कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें।

# रेलवे मजदूर कांग्रेस ने आयोजित किया भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोह

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर ने 14 अप्रैल भारत रत्न डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की 136 वीं जयंती शाखा कार्यालय में आयोजित किया, इस पर बाबा साहेब पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के अध्यक्ष सिराज अहमद मंसूरी ने बताया की मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण, जोनल अध्यक्ष डीके स्वाइन, मंडल समन्वयक बिलासपुर विजय अग्निहोत्री के निर्देश एवं जोनल कार्यकारी अध्यक्ष सीआईसी प्रभारी लक्ष्मण राव के मार्गदर्शन में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती पर संगोष्ठी कर जन्मदिन दिवस पर मिष्ठान वितरण कर मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव सारगर्भित विचार रखते बाबा साहेब की जीवन पर प्रकाश डाला, बाबा साहेब के मुल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो जीवन आत्मसात करने की अपील की, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्य स्टेशन अधीक्षक एमपी शर्मा ने कहा रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर अनूपपुर की सक्रियता बेमिसाल है गांधी शास्त्री जयंती, राष्ट्रीय पर्व अन्य कार्यक्रम बहुत संजीदगी से टीम वर्क में मनाया जाता है बाबा साहेब जन्मोत्सव पूरे विश्व में धूमधाम मनाया जाता है। शाखा सचिव जयंतो दासगुप्ता ने बताया की भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब का मुख्य योगदान रहा है, उसी संविधान के कारण भारत का लोकतंत्र इतना मजबूत है। बाबा साहेब के विचार गोष्ठी में अपने विचार रखने वाले युवा रेल कर्मचारी सर्व विवेक राय, सदाशिव पाण्डेय, संजीव राव, चंदन कुमार, रिजवान अहमद, रविकांत राय, एसटीएसी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद गौर, सीएचआई अनूपपुर नरेन्द्र मीणा, सीटीआई एससी कोरी, विजय टेकनवार, केव्हिआर मूर्ति, जी सुर्याराव, सफाई कामगार यूनियन नेता अजय चौधरी, मुकेश यादव, अज़हर नियाज़ खान, शंकर राठौर, थान सिंह आदि उपस्थित होकर अपने विचार रख बाबा साहेब को नमन किया।



**नायव तहसीलदार वृत्त अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर म.प्र.**
रा.प्र.क्र.0191/अ-6/2025-26/री.प्रो.क्र.116
दिनांक-15/4/2026

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आनंद कुमार पनिका पिता स्व. लोकनाथ निवासी ग्राम मेंढ़ाखार तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर (म.प्र.) द्वारा भूमि ग्राम मेंढ़ाखार स्थित आराजी खसरा न. 180/1, 205/1, 487/2/1, 489 /2/1 रकवा क्रमशः 0.393 0.089, 0.303, 0.304 हे. भूमि का म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त नामांतरण से जिस किसी को आपत्ति हो वह इश्तहार जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नही किया जाएगा।

आज दिनांक 15/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
वृत अमरकंटक, तहसील पुष्पराजगढ़